बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

सूचना

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय परिसर
झाँसी।

विषय :– सत्र 2018–2019 के ग्रीष्म अवकाश के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में सूचित करना है कि कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत शिक्षकों का शैक्षणिक ग्रीष्म अवकाश दिनांक 15 मई 2019 से 30 जून 2019 तक इस प्रतिबन्ध के साथ घोषित किया जाता है कि विभागाध्यक्ष/समन्वयक यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा सम्बन्धी कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही विभाग के शिक्षक ग्रीष्म अवकाश का उपभोग करेंगे ताकि ग्रीष्म अवकाश के दौरान विभाग का कोई भी कार्य शैक्षणिक कलैण्डर के अनुरूप बाधित न हों। उपर्युक्त के अतिरिक्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक यह भी सुनिश्चित करेगें कि विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा/सेमिस्टर परीक्षा/महत्वपूर्ण कार्य सम्मिलित है, माननीय कुलपति जी द्वारा अवकाश के दौरान जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है उन शिक्षकों को विभाग में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना आवश्यक है। ध्यातव्य है कि शैक्षणिक ग्रीष्म अवकाश का उपयोग आगामी सत्र हेतु पाठन सामग्री को अद्यतन संवर्धित करते हुए अध्यापन को प्रभावी बनाना तथा अनुसंधान कार्य पर समुचित ध्यान देकर उत्कृष्ठता की प्राप्ति हेतु किया जाना है। जिन विभागों में मूल्यांकन कार्य पूर्ण नहीं हुआ है उन विभागों के शिक्षक मूल्यांकन का कार्य पूर्ण कर कुलपति जी से अनुमति प्राप्त कर ग्रीष्म अवकाश पर जायेगें। मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में ग्रीष्मावकाश के दौरान निवास का पता एवं दूरभाष संख्या के सम्बन्ध में सम्पूर्ण विवरण देगें। माननीय कुलपति जी के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(नारायण प्रसाद)
कुलसचिव

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,झाँसी

पत्रांक–बु0वि0/एके0/2019 /4612 — दिनांक :– 02/05/2019

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय परिसर, झाँसी
2. वित्त अधिकारी।
3. सहा0 कुलसचिव (एके0/गोपनीय/परीक्षा)
4. कुलपति जी के निजी सचिव।
5. कुलसचिव के आंशुलिपिक।
6. श्री दीपक तोमर सिस्टम ऐनालिस्ट को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को आज ही विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. सम्पादक,दैनिक जागरण,दैनिक अमर उजाला को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को जनहित में अपने दैनिक समाचार पत्रों में <u>निशुल्क प्रकाशित</u> करने का कष्ट करें।
8. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

सूचना

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी।

विषय :– सत्र 2018–19 के ग्रीष्म अवकाश के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में सूचित करना है कि माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का शैक्षणिक ग्रीष्म अवकाश दिनांक 01 मई 2019 से 30 जून 2019 तक इस प्रतिबन्ध के साथ घोषित किया जाता है कि महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्राचार्या यह सुनिश्चित करेगें कि ग्रीष्म अवकाश के दौरान महाविद्यालय का कोई भी कार्य शैक्षणिक कलैण्डर के अनुरूप बाधित न हों तथा जिन शिक्षकों की डयूटी प्रवेश परीक्षा / सेमेस्टर परीक्षा में लगाई गयी हो अथवा लगायी जाये, अथवा कुलपति जी के द्वारा अवकाश के दौरान जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाये उन शिक्षकों को उन परीक्षाओं में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना आवश्यक है। शिक्षक मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या को ग्रीष्मावकाश के दौरान निवास का पता एवं दूरभाष संख्या के सम्बन्ध में सम्पूर्ण विवरण दें। ध्यातव्य है कि शैक्षणिक ग्रीष्मावकाश का उपयोग आगामी सत्र हेतु पठन सामग्री को अद्यतन संवर्धित करते हुए अध्यापन को प्रभावी बनाना तथा अनुसंधान कार्य पर समुचित ध्यान देकर उत्कृष्टता की प्राप्ति हेतु किया जाना है। माननीय कुलपति जी के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय
(नारायण प्रसाद)
कुलसचिव

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,झाँसी

पत्रांक–बु0वि0 / एके0 / 2019 / 4613 दिनांक :02 / 05 / 2019

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
2. वित्त अधिकारी।
3. सहा0 कुलसचिव (एके0 / गोपनीय / परीक्षा)
4. कुलपति जी के निजी सचिव।
5. कुलसचिव के आंशुलिपिक।
7. श्री दीपक तोमर सिस्टम ऐनालिस्ट को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को आज ही महाविद्यालय की लॉगइन आई–डी पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. सम्पादक,दैनिक जागरण,दैनिक अमर उजाला को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना महाविद्यालय की लॉगइन आई–डी पर अपलोड की जा चुकी है,को जनहित में अपने दैनिक समाचार पत्रों में <u>**निशुल्क प्रकाशित**</u> करने का कष्ट करें।
9. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव